सांसदों ने पूर्व लोक सभा अध्यक्ष श्री जी. एम. सी. बालयोगी को पुष्पांजलि अर्पित की

नई दिल्ली, 1 अक्टूबर, 2023: राज्य सभा के उपसभापति श्री हरिवंश, संसद सदस्यों और अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने पूर्व लोक सभा अध्यक्ष श्री जी.एम.सी. बालयोगी की जयंती के अवसर पर संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर लोक सभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह, लोक सभा और राज्य सभा सचिवालय के अधिकारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

श्री बालयोगी बारहवीं लोक सभा के अध्यक्ष थे और उन्हें तेरहवीं लोक सभा का अध्यक्ष भी पुनः चुना गया। वह दसवीं लोक सभा के सदस्य भी थे। इससे पूर्व, वह आंध्र प्रदेश विधान सभा के सदस्य और आंध्र प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री भी थे।

श्री बालयोगी का 3 मार्च, 2002 को आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया।